कुल प्रश्नों की संख्या : 28 
Total No. of Questions: 28

कुल पृष्ठों की संख्या : 08
Total No. of Pages: 08

# हायर सेकेण्डरी परीक्षा, दिसम्बर – 2017

# 301

## विषय : हिन्दी

## Subject: HINDI

समय : 03 घण्टे
Time: 03 Hours

पूर्णांक : 100
Maximum Marks: 100

---

*निर्देश –*

*(i) प्रश्नपत्र में खण्ड –''क'', ''ख'', ''ग'', तथा ''घ'' हैं, इसमें से खण्ड ''क'' तथा खण्ड ''घ'' अनिवार्य हैं। खण्ड ''ख'' तथा खण्ड ''ग'' में से कोई एक खण्ड हल करना है।*

*(ii) प्रश्न 1 से 4 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं।*

*(iii) दो–दो अंको वाले प्रश्नों की शब्द सीमा 20 शब्द हैं।*

*(iv) तीन–तीन अंको वाले प्रश्नों की शब्द सीमा 40 शब्द हैं।*

*(v) लगभग सभी प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।*

*(vi) सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।*

### खण्ड – ''क'' अनिवार्य

प्र.1 रिक्त स्थानों की पूर्ति दिये गये विकल्प के आधार पर कीजिए– **(1X5=5)**

(i) कविता में ..................................................तत्व की प्रधानता होती है। (भाव / विचार)

(ii) हँसी अधिक ........................................................................लाती है। (थकान / पसीना)

(iii) अंजरी ...................................................................................शब्द है। (तद्भव / तत्सम)

(iv) छपने वाली सामग्री की पहले...............................की जाती है। (छटाई / कंपोजिंग)

(v) संत कबीर....................................................काव्य धारा के कवि हैं। (निर्गुण / सगुण)

प्र.2 निम्नलिखित वाक्यों के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए – (1×5=5)

(i) रामभक्ति काव्य के प्रमुख कवि हैं–

(क) सूरदास (ख) तुलसीदास

(ग) कबीरदास (घ) जायसी

(ii) ''जड़'' से तात्पर्य है –

(क) जीवन की सार्थकता (ख) घृणा

(ग) कुल्हाड़ी और कुदाल (घ) न कह, न सुन

(iii) देवकीनंदन खत्री किस युग के साहित्यकार थे –

(क) द्विवेदी युग के (ख) भारतेन्दु युग के

(ग) रीतिकालीन युग के (घ) प्रयोगवादी युग के

(iv) जिन दो वस्तुओं का संकर होता है, वे –

(क) पहले अलग–अलग रहती हैं (ख) बाद में भी अलग रहती हैं

(ग) नये रूप में प्रकट होती हैं (घ) क, ख, ग, तीनों सही हैं

(v) समाचारों के साथ चित्र इसलिए दिये जाते हैं, ताकि –

(क) खबरों की विश्वनीयता बढ़ जाए (ख) अखबार देखने में सुंदर लगे

(ग) कुछ नहीं होता (घ) समाचार क्रम में न देने पड़ें

प्र.3 स्तंभ ''क'' का स्तंभ ''ख'' से मिलान कर सही जोड़ियाँ बनाइये – (1×5=5)

| | ''क'' | | ''ख'' |
|---|---|---|---|
| (i) | एक ही शब्द के अनेक अर्थ निकलते हैं | (अ) | कहानी |
| (ii) | गद्य की सबसे लोकप्रिय विधा हैं | (ब) | ऊँची–ऊँची बातें करना |
| (iii) | कार्पण्य दोष | (स) | श्लेष अलंकार |
| (iv) | आसमान से बातें करना | (द) | इंटरनेट |
| (v) | ''ई–मेल'' का संचालन | (इ) | आसमान तक पहुँचना |
| | | (फ) | नाटक |
| | | (म) | कंजूस व्यक्ति |

mpcareer.in

प्र.4 निम्नलिखित वाक्यों में सत्य/असत्य का चयन कीजिए– (1×5=5)

(i) अंग्रेजी कर्म प्रधान भाषा है, जबकि हिन्दी कर्तृप्रधान।

(ii) रेडियो समाचार पत्र की तुलना में कम असरदार होता है।

(iii) निबंध की संक्षिप्त रूपरेखा में केवल मुख्य बिंदुओं का संकेत होता है।

(iv) क्रुद्ध का लक्ष्य दूसरे को बिना कारण दुःख पहुँचाना ही होता है।

(v) भक्तिकाल हिन्दी साहित्य का स्र्वण युग कहलाता है।

प्र.5 दीपक और फूल के स्वभाव में कौन सा परिवर्तन संभव नहीं है? (2)

**अथवा**

आँसुओं को आँखों से बाहर क्यों नहीं निकालना चाहिए? (2)

प्र.6 फन्तासी किसे कहते है? (2)

**अथवा**

सूर्य की किरणें हमें किस प्रकार शक्ति देती है? (2)

प्र.7 अच्छे लेखन की कोई दो शर्तें लिखिए। (2)

**अथवा**

हँसने, खुश रहने से होने वाले काई दो लाभ बताइये। (2)

प्र.8 आखिरी चट्टान किसे कहा है? (2)

**अथवा**

संस्कृति किसे कहते है? (2)

प्र.9 निम्नलिखित में से कोई दो मुहावरों का वाक्य में प्रयोग कीजिए? (2)

(i) अपना पेट भरना

(ii) काठ का उल्लू

(iii) आग लगाना

**अथवा**

निम्नलिखित में से कोई दो वाक्य शुद्ध कीजिए – (2)

(i) अपन जल्दी चलें

(ii) गुप्त रहस्य की बात है

(iii) अशोक और श्याम आता है



mpcareer.in

प्र.10 पेड़, हवा के दो–दो पर्यायवाची लिखिए? (2)

**अथवा**

निम्मिलिखित वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिये – (2)

(i) अभिमान करने वाला

(ii) कविता रचने वाला

प्र.11 यमक अलंकार का एक उदाहरण लिखिये। (2)

**अथवा**

श्लेष अलंकार का एक उदाहरण लिखिये। (2)

प्र.12 छायावादी किन्हीं दो कवियों के नाम लिखिये। (2)

**अथवा**

महादेवी वर्मा की कोई दो रचनायें लिखिये। (2)

प्र.13 भारतेन्दुकालीन काव्य की प्रमुख प्रवृत्तियाँ बताइये। (4)

**अथवा**

छायावादी युगीन काव्य की विशेषताएँ बताइये। (4)

प्र.14 परंपरा के लुप्त होने पर क्या हानियाँ होती है? (4)

**अथवा**

''तुम कदाचित न भी जानो'' कविता में कवि ने बसंत ऋतु के बीतने का वर्णन किस प्रकार किया है? (4)

प्र.15 निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ प्रसंग सहित व्याख्या लिखिये– (4)

''मुझे भ्रम होता है कि प्रत्येक पत्थर में चमकता हीरा है,
हर एक छाती में आत्मा अधीरा है,
प्रत्येक सुस्मित में विमल सदा जीरा है,
मुझे भ्रम होता है कि प्रत्येक वाणी में,
महाकाव्य पीड़ा है।''



mpcareer.in

**अथवा**

निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ प्रसंग सहित व्याख्या लिखिये–

''पग बाँध घुघरयाँ णाच्यारी। (4)

लोक कह्याँ मीराँ बावरी, सासु कह्याँ कुल नासी री,
विष रो प्यालो राणा भेज्याँ पीवाँ मीराँ हाँसाँ री,
तण, मण वार्‌याँ हरि चरणामाँ, दरसण अमरित प्यास्याँ री।

मीरा रे प्रभु गिरधर नागर, थारी सरणाँ आस्याँरी।''

प्र.16 अच्छे लेखन के लिए किन–किन बातों का ध्यान रखना आवश्यक है? (4)

**अथवा**

अच्छे संक्षेपण के गुण बताइये। (4)

प्र.17 क्या देवता बनकर स्थापित होना बुरा होता है? (4)

**अथवा**

शुक्ल जी ने क्रोध को अंधा क्यों कहा है? (4)

प्र.18 निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। (4)

''उनके इस नवीन आविष्कार का वर्णन सुनकर वैज्ञानिकों को पराकष्ठा का आश्चर्य और पराकाष्ठा का आनंद हुआ। अध्यापक बसु ने यंत्रों के द्वारा यह सिद्ध कर दिया कि इन्द्रिय विशिष्ट पदार्थ ही चेतना युक्त नहीं, किंतु सोना, चाँदी और पीतल इत्यादि के समान इन्द्रियहीन जड़ पदार्थों में भी एक प्रकार की चेतना होती है।''

**अथवा**

''आनंद एक ऐसा प्रबल इंजन है कि उससे शोक और दुःख की दीवारों को ढ़ा सकते हैं। प्राण रक्षा के लिए सदा सब देशों में उत्तम से उत्तम उपाय चित्त को प्रसन्न रखना हैं। सुयोग्य वैद्य अपने रोगी के कानों में आनंद रूपी मंत्र सुनाता है।'' (4)

**खण्ड – ''ख''**

प्र.19 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में दीजिए– (1×5=5)

(i) सरकारी तंत्र में निर्णय कौन लेता है?
(ii) सरकारी पत्राचार की भाषा व्यक्तिपरक होती है, या व्यक्ति निरपेक्ष?
(iii) नेमी टिप्पणियों का क्या प्रयोजन होता है?
(iv) अंतर विभागीय टिप्पणी का प्रयाग कहाँ होता है?
(v) कार्यालयीन हिन्दी में किस प्रकार के वाक्यों का प्रयोग अधिक होता है?



mpcareer.in

प्र.20 हिन्दी की प्रयुक्ति से क्या तात्पर्य है? (2)

**अथवा**

भारत में किस भाषा को राष्ट्रभाषा माना गया है और क्यों? (2)

प्र.21 लोकसभा अध्यक्ष किसे कहते है? (2)

**अथवा**

फाइल पर टिप्पणी क्यों लिखी जाती है? (2)

प्र.22 अच्छे सार – संक्षेपण में कौन– कौन से गुण होना चाहिए। (2)

**अथवा**

पृष्ठांकन से क्या तात्पर्य है? इसमें क्या लिखा जाता है? (2)

प्र.23 सरकारी पत्र का स्वरूप कैसा होता है? (3)

**अथवा**

अर्द्ध सरकारी पत्र का स्वरूप किस प्रकार का होता है? (3)

प्र.24 गाँधीजी ने राष्ट्रभाषा के कौन–कौन से लक्षण बताये है? (3)

**अथवा**

टिप्पणी लिखते समय किन–किन बातों का ध्यान रखना चाहिए? (3)

प्र.25 कार्यालय में सार लेखन की आवश्यकता क्यों होती हैं? (3)

**अथवा**

टिप्पणी और प्रारूपण में क्या अंतर है? (3)

## खण्ड – ''ग''

प्र.19 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में दीजिए– **(1×5=5)**

(i) संचार उपग्रहों तक संदेश भेजना तथा वहाँ से ग्रहण करने का कार्य किस माध्यम से किया जाता है?

(ii) सेल्यूलर फोन का संचालन किसके द्वारा होता है?

(iii) ई–मेल के संचालन के लिए किसकी आवश्यकता होती है?

(iv) अपने क्षेत्र के किसी भी दैनिक समाचार पत्र का नाम लिखिये?

(v) वर्तमान समय का सबसे सशक्त संचार माध्यम क्या है?

mpcareer.in

प्र.20 दूरदर्शन अन्य माध्यमों की तुलना में अधिक लोकप्रिय क्यों है? (2)

**अथवा**

प्रसारण माध्यमों को समाचार पत्रों से अधिक प्रभावकारी क्यों माना जाता है? (2)

प्र.21 ''चौथी दुनिया'' से क्या तात्पर्य है? (2)

**अथवा**

भारत की प्रमुख समाचार ऐजेंसियों के नाम बताइये? (कोई दो) (2)

प्र.22 कम्प्यूटर के कोई दो लाभ बताइये। (2)

**अथवा**

एक समाचार वाचक में क्या – क्या गुण होने चाहिए। (2)

प्र.23 वार्ता व भेंटवार्ता में अंतर बताइये। (3)

**अथवा**

फीचर किसे कहते है? इसे कैसे प्रस्तुत किया जाता है? (3)

प्र.24 संचार माध्यमों में प्रयुक्त भाषा की कोई तीन विशेषताएँ बताइये। (3)

**अथवा**

संचार क्रांति के मुख्य कारण कौन–कौन से हैं? (3)

प्र.25 संचार क्रांति के कोई तीन लाभ बातइये? (3)

**अथवा**

संचार की प्रक्रिया बताइये। (3)

## खण्ड – ''घ'' अनिवार्य

प्र.26 निम्नलिखित अपठित खण्ड को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए– **(2+2+1=5)**

''हम जो भी कार्य करें वह केवल औपचारिकता को पूर्ण करने के लिए नहीं, बल्कि उस कार्य में एक आत्मिक संतुष्टि का अनुभव हो। किया गया कार्य पूर्ण रूप से तहे दिल से किया गया है और जब ऐसा कार्य किया जाये तो वह किसी को दिखाने के लिए नहीं वरन् आत्मिक शांति के लिए हो, तब वह किया गया कार्य किसी पूजा से कम नहीं होता, इसके लिए कार्य के प्रति समर्पण भाव होना अनिवार्य है।''

प्रश्न –

(i) उपर्युक्त खण्ड का उचित शीर्षक लिखिए।

(ii) उपर्युक्त पंक्तियों का 15 से 20 शब्दों में सारांश लिखिये।

(iii) आत्मिक शांति से किया गया कार्य कैसा होता है?



mpcareer.in

**अथवा**

निम्नलिखित अपठित खण्ड को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

''आजीवन उसको गिनें,
सकल अवनि सिरमौर
जन्मभूमि जलजात के
बने रहैं जन भौर।
फलद कल्पतरू तुल्य है,
सारे विटप बबूल
हरिपद रज सो पूत है
जन्म धरा की धूल है।।''

प्रश्न–

(i) उपर्युक्त खण्ड का सार्थक शीर्षक दीजिए।

(ii) उपर्युक्त पंक्तियों का भाव स्पष्ट कीजिए।

(iii) जन्मभूमि किस प्रकार फलदायिनी है?

प्र.27 परीक्षा के समय ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए अपने जिले के जिलाधीश (कलेक्टर) को एक शिकायती पत्र लिखिये। **(5)**

**अथवा**

अपने विद्यालय के प्राचार्य महोदय को स्थानांतरण प्रमाण पत्र हेतु एक आवेदन पत्र लिखिये।

प्र.28 (अ) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 200 शब्दों का निबंध लिखिए– **(7)**

(i) पर्यावरण प्रदूषण समस्या और निदान

(ii) कम्प्यूटर – आज की आवश्यकता

(iii) जीवन में परिश्रम का महत्व

(iv) भ्रष्टाचार

(v) ''परहित सरिस धर्म नहीं भाई''।

(ब) उपर्युक्त विषयों में से निबंध लेखन के अतिरिक्त किसी एक विषय पर रूपरेखा लिखिए **(3)**

---



mpcareer.in